।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।।

पत्रांक 2717 /12–1 गोपेश्वर, दिनांक फरवरी, 02 ,2016।

सेवा में ,

अधिशासी अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
कर्णप्रयाग।

Proposal No. FP/UK/ROAD/10119/2015.

विषयः– जनपद चमोली में बगोली से कोटी मोटर मार्ग के विस्तार हेतु वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भः– वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी का पत्रांक 3277 / 12–1 दिनांक 02–02–2016।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत करना है कि वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी उत्तराखण्ड द्वारा प्रस्ताव में संलग्न पत्र के अनुसार आपत्ति लगायी गयी है। प्रस्ताव में आप द्वारा पार्ट । में वृक्षों की पुरानी सूची ही अपलोड़ की गयी है। दिनांक 11–01–2016 को स्थलीय निरीक्षण के दोरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा दोबारा संयुक्त निरीक्षण के निर्देश पर जो वृक्षों की संशोधित सूची प्राप्त हुयी थी वह अपलोड़ नही की गयी है।

परियोजना में बांज के 144 वृक्ष प्रभावित हो रहें है, पार्ट । में न तो बांज वृक्षों का व्यासवार संशोधित प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है और न ही संशोधित मूल्यांकन सूची अपलोड़ की गयी है। जिसे पार्ट । में हस्ताक्षर उपरान्त अपलोड़ किया जाना हैं।

उक्त सन्दर्भित पत्र में वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी, उत्तराखण्ड, द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। प्रस्तावित स्थलीय निरीक्षण की तिथि की सूचना से आपको पृथक से वार्ता कर सूचित कर दिया जायेगा।

संलग्नः– यथोपरि।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

E-Mail ID cfgarhwal555@Gmail.com
cfgarh-forest-uk@nic.in
Phone/Fex 01368-222566
वन मित्र कॉल सेंटर–9208008000

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः– 3277/ 12-1 दिनांक, पौड़ी, फरवरी, 02 ,2016.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

Proposal No.FP/UK/Road/10119/2015

विषयः– **जनपद चमोली में बगोलीकोटी मोटर मार्ग का विस्तारीकरण।**

महोदय,

उक्त विषयक प्रस्ताव में आपके द्वारा वृक्षों की मूल्यांकन सूची एवं प्रभावित होने वाले बांज वृक्षों का व्यासवार प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसे ऑन लाइन उपलब्ध कराया जाय।

परियोजना में बांज के 144 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं, जिसके लिए स्थल निरीक्षण किया जायेगा। अतः अधोहस्ताक्षरी से वार्ता कर उक्त प्रकरण में निरीक्षण की तिथि निर्धारित कर सूचित करें।

भवदीय,

(जी0सोनार)
वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,पौड़ी।

Surjeet